

# इमरान का पाकिस्तानी रीमेक आज भी रोमांटिक प्लेलिस्ट की पहली पसंद

बॉलीवुड में कई ऐसे गाने हैं जो समय के साथ सदाबहार बन गए, लेकिन उनमें से कुछ की जड़ें दूसरे देशों के संगीत से भी जुड़ी रही हैं. अभिनेता इमरान हाशमी की 2005 में रिलीज हुई फिल्म जहर का सुपरहिट रोमांटिक ट्रैक 'अगर तुम मिल जाओ' भी ऐसा ही एक गीत है, जिसे आज भी प्रेम गीतों की सबसे लोकप्रिय सूची में गिना जाता है. हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि यह गीत मूल रूप से 1974 की पाकिस्तानी फिल्म 'ईमानदार' के लिए तैयार किया गया था.

जहर में इमरान हाशमी और उदिता गोस्वामी पर फिल्माए गए इस गीत को श्रेया घोषाल ने अपनी मधुर आवाज दी थी. रिलीज के साथ ही यह गाना चार्टबस्टर साबित हुआ और लंबे समय तक रेडियो, म्यूजिक चैनलों और श्रोताओं की प्लेलिस्ट पर छाया रहा. इसकी भावपूर्ण धुन और सरल बोलों ने इसे हर उम्र के संगीत प्रेमियों के बीच लोकप्रिय बना दिया.

हालांकि, संगीत प्रेमियों के बीच यह तथ्य भी चर्चित है कि 'अगर तुम मिल जाओ' एक ओरिजिनल कंपोजिशन नहीं था. इसका मूल संस्करण 1974 में रिलीज हुई पाकिस्तानी फिल्म 'ईमानदार' में सुनाई दिया था. उस गीत को प्रसिद्ध गायिका तसव्वर खानम ने अपनी आवाज दी थी. इसके बोल तसलीम फाजली ने लिखे थे, जबकि संगीतकार नशाद ने इसकी धुन तैयार की थी.

# अनुशासन ने आसान बनाया संजना का सफर

अभिनेत्री संजना सांघी ने बॉलीवुड में अपने सफर और शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए बताया कि बचपन में सीखा अनुशासन उनके अभिनय करियर की सबसे बड़ी ताकत बना. आगामी फिल्म 'हिटमैन' को लेकर चर्चा में चल रहीं संजना ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, मेहनत और निरंतर अभ्यास ने उन्हें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया. संजना ने बताया कि अभिनय उनकी योजनाओं का हिस्सा नहीं था. जब वह स्कूल में डांस सीख रही थीं, तभी 13 साल की उम्र में एक बड़े कास्टिंग डायरेक्टर की नजर उन पर पड़ी और उन्हें फिल्म 'रॉकस्टार' में काम करने का मौका मिला. बिना किसी पेशेवर अभिनय अनुभव के भी वह रणबीर कपूर जैसे बड़े कलाकार के साथ कैमरे के सामने सहज रह सकीं.

# दिल्ली कॉन्सर्ट में जैस्मीन ने की सगाई की घोषणा



भारतीय-अमेरिकी सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने अपने दिल्ली कॉन्सर्ट के दौरान फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया. 'द ड्रीम गर्ल इंडिया टूर' की ओपनिंग नाइट में परफॉर्म करते हुए उन्होंने लाइव स्टेज पर अपनी सगाई का ऐलान किया और पहली बार अपने मंगेतर शेखर चौधरी को दर्शकों से मिलवाया. इस खास पल के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं.

कॉन्सर्ट के दौरान जैस्मीन ने अपने मंगेतर को स्टेज पर बुलाया और दर्शकों से कहा, इसके बाद उन्होंने अपनी सगाई की अंगूठी भी दिखाई और बताया कि शेखर ही उनके होने वाले जीवनसाथी हैं. घोषणा के बाद सिंगर खुशी से उनके गले लग गईं, जिसे देखकर दर्शकों ने तालियों और शोर के साथ इस पल का स्वागत किया.

वायरल वीडियो में जैस्मीन और शेखर स्टेज पर साथ में रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं. दोनों ने जैस्मीन के लोकप्रिय गीत 'लावन' पर डांस भी किया. परफॉर्मेंस खत्म होने से पहले शेखर ने उन्हें फ्लाइंग किस दिया, जबकि जैस्मीन इस खास मौके पर भावुक भी दिखाई दीं.

दिल्ली का यह कार्यक्रम 'द ड्रीम गर्ल इंडिया टूर' की शुरुआत था, जिसका आयोजन नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में हुआ. कॉन्सर्ट के दौरान जैस्मीन ने अपने कई लोकप्रिय गाने जैसे 'तरस' 'इलीगल वेपन' 'लावन पंजेबा' और 'सिप सिप' पेश किए. इसके अलावा उन्होंने फिल्म धुरंधर के चर्चित गीत 'शरारत और 'जाइए सजना' भी गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया.



# हॉलीवुड में दिशा का बड़ा डेब्यू

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं. एक्ट्रेस ऑस्कर विजेता केविन स्पेसी के निर्देशन में बन रही सुपरनैचुरल थ्रिलर 'हॉलीगार्ड्स सागा: शक्ति के द्वार' से अंग्रेजी सिनेमा में डेब्यू करेंगी. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में दिशा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह मौका उनके लिए बेहद खास है और वह इस नई चुनौती को लेकर उत्साहित हैं. बॉलीवुड में अपनी फिटनेस, ग्लैमरस अंदाज और एक्शन अवतार के लिए पहचान बनाने वाली दिशा पाटनी अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए तैयार हैं. अभिनेत्री ने बताया कि यह फिल्म उनके करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव है और वह इस भूमिका के लिए पूरी मेहनत कर रही हैं. दिशा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना उनके लिए एक सपना पूरा होने जैसा है. उन्होंने बताया कि इस फिल्म तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था, लेकिन सही अवसर मिलने पर उन्होंने तुरंत इसे स्वीकार कर लिया. अभिनेत्री के मुताबिक, अलग भाषा और नए माहौल में काम करना चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन वह इसे सीखने और खुद को बेहतर बनाने का अवसर मानती हैं.

'हॉलीगार्ड्स सागा: शक्ति के द्वार' एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रहस्य, एक्शन और फैंटेसी का मिश्रण देखने को मिलेगा. फिल्म का निर्देशन ऑस्कर विजेता अभिनेता केविन स्पेसी कर रहे हैं. दिशा इस प्रोजेक्ट के जरिए उन भारतीय कलाकारों की सूची में शामिल हो जाएंगी, जिन्होंने हॉलीवुड में अपनी पहचान बनाई है. इससे पहले प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, अली फजल और अनुपम खेर जैसे कई भारतीय सितारे अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुके हैं. अब दिशा पाटनी भी इस कड़ी में नया नाम बनने जा रही हैं.

## टेलीविजन

### पुष्पा इम्पॉसिबल' में भावनात्मक मोड़



**सोनी** सब के लोकप्रिय धारावाहिक पुष्पा इम्पॉसिबल में आने वाले एपिसोड में एक भावनात्मक मोड़ देखने को मिलेगा, जहां पुष्पा अपनी बहू शानाया को थप्पड़ मार देती हैं. इस सीन को लेकर अभिनेत्री मुस्कान बामने ने कहा कि उनके और करुणा पांडे के बीच आपसी भरोसे ने इस चुनौतीपूर्ण दृश्य को ईमानदारी से निभाने में अहम भूमिका निभाई. आगामी एपिसोड में एक तीखी बहस के दौरान भावनाओं में बहकर पुष्पा, शानाया को थप्पड़ मार देती हैं. इस घटना से पूरा परिवार स्तब्ध रह जाता है. हालांकि, अपने इस व्यवहार पर अपराधबोध से घिरी पुष्पा खुद पुलिस स्टेशन जाकर अपने खिलाफ शिकायत दर्ज कराती हैं, क्योंकि उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने कर्मों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए.

अभिनेत्री करुणा पांडे ने कहा कि यह दृश्य उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था. उन्होंने बताया कि शूटिंग से पहले वह काफी नर्वस थीं क्योंकि वह नहीं चाहती थीं कि मुस्कान को किसी तरह की चोट पहुंचे. उन्होंने बताया कि दोनों ने सीन की कई बार रिहर्सल की और हर टेक के बाद वह मुस्कान की सहजता और सुरक्षा का ध्यान रखती थीं.

वहीं, मुस्कान बामने ने कहा कि शानाया के लिए यह थप्पड़ पूरी तरह अप्रत्याशित था और इसने उसे शारीरिक ही नहीं बल्कि भावनात्मक रूप से भी झकझोर दिया.

### अनुपमा के सपने पर बच्चों का वार



**टीवी** सीरियल 'अनुपमा' में इन दिनों जबरदस्त ड्रामा देखने को मिल रहा है. कहानी में एक तरफ अनुपमा अपने नए घर का सपना पूरा करने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी ओर शाह परिवार में फिर से तनाव बढ़ता नजर आएगा. आने वाले एपिसोड में तोशू और पाखी एक बार फिर अनुपमा को नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे. कहानी की शुरुआत में घर का माहौल काफी तनावपूर्ण दिखेगा. हसमुख यानी बाबूजी की तबीयत खराब होने पर दिग्विजय उनकी मदद करेगा और उन्हें पानी देगा. बाबूजी को राहत मिलने के बाद अनुपमा दिग्विजय का धन्यवाद करेगी, लेकिन परिवार के बीच चल रही अनबन खत्म नहीं होगी. आने वाले एपिसोड में अनुपमा अपने खुद का घर खरीदने का सपना परिवार के सामने बताएगी. यह सुनकर तोशू और पाखी उसका मजाक उड़ाने लगेंगे. दोनों कहेंगे कि अनुपमा का नया सफर फिर से शुरू हो गया है और ताना मारेंगे कि यह सपना उसके बस की बात नहीं है. तोशू और पाखी की बातें सुनकर बाबूजी नाराज हो जाएंगे और दोनों को चुप कराएंगे.

# हेमा मालिनी ने फिल्मों से बनाई दूरी



बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने लंबे समय से फिल्मों से दूरी बनाए रखने की वजह का खुलासा किया है. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में 77 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि आज के दौर की फिल्मों की कार्यशैली और कहानी कहने का तरीका उनके समय से काफी अलग हो गया है. इसी कारण वह अब चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में ही दिलचस्पी लेती हैं.

हेमा मालिनी ने कहा कि 1970 और 1980 का दौर भारतीय सिनेमा का स्वर्णिम समय था, जब फिल्मों की कहानियों, संगीत और किरदारों पर विशेष ध्यान दिया जाता था. उनके मुताबिक, उस दौर की फिल्मों में भावनाओं और पारिवारिक मूल्यों को प्रमुखता मिलती थी, जबकि आज फिल्मों की शैली और प्रस्तुति में बड़ा बदलाव आ चुका है.

अभिनेत्री ने बताया कि वह अब तभी किसी फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगी, जब कहानी और उनका किरदार वास्तव में प्रभावशाली हो. केवल पर्दे पर नजर आने के लिए वह कोई भी फिल्म स्वीकार नहीं करना चाहतीं.

हेमा मालिनी ने अपने फिल्मी सफर को याद करते हुए कहा कि उन्हें अपने करियर में कई यादगार फिल्मों में काम करने का अवसर मिला. 'शोले', 'सीता और गीता', 'सत्ते पे सत्ता' और 'बागबान' जैसी फिल्मों ने उन्हें दर्शकों के दिलों में खास जगह दिलाई. फिल्मों के साथ-साथ राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने के कारण भी उन्होंने अभिनय से दूरी बनाई.

हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में कोई दमदार कहानी और मजबूत किरदार मिलता है, तो वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने पर विचार कर सकती हैं.

## 'ईविल डेड बर्न' ने 'ऐल्फा' और 'वेलकम टू द जंगल' को छोड़ा पीछे

# 'धमाल 4' ने पकड़ी रफ्तार

जुलाई में रिलीज हुई फिल्मों के बीच बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला और दिलचस्प हो गया है. कॉमेडी, एक्शन और हॉरर का मिश्रण



दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रहा है. शनिवार के शुरुआती बॉक्स ऑफिस आंकड़ों में अजय देवगन की 'धमाल 4' सबसे आगे रही, जबकि हॉलीवुड हॉरर फिल्म 'ईविल डेड बर्न' ने भी शानदार बढ़त दर्ज करते हुए 'ऐल्फा' और 'वेलकम टू द जंगल' को पीछे छोड़ दिया.

रिलीज के दूसरे दिन 'धमाल 4' की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिला. पहले दिन 14 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली फिल्म ने शनिवार को लगभग 22.50 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. इसके साथ ही दो दिनों में फिल्म की कुल घरेलू कमाई 36.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गई. फिल्म को मिल रहे सकारात्मक दर्शक प्रतिक्रिया के चलते उम्मीद की जा रही है कि रविवार तक यह 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकती है.





# 250 सुरक्षा जवानों समेत 300 पदों पर भर्ती

भारत सरकार के पसारा एक्ट, 2005 के तहत जीडीएक्स सिक्योरिटी ग्रुप, नोएडा की ओर से अजमेर जिले में सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर और ड्रोन पायलट के कुल 300 पदों पर भर्ती के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे. भर्ती अभियान की शुरुआत 15 जुलाई से होगी. चयनित अभ्यर्थियों को पद के अनुसार 18,000 से 26,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा.

भर्ती अधिकारी राजेंद्र कुमार सरगरा के अनुसार, कैंप 15 जुलाई को अराई, 16 जुलाई को भिनाय, 17 जुलाई को केकड़ी, 20 जुलाई को किशनगढ़, 21 जुलाई को पीसांगन, 22 जुलाई को सरवाड़, 23 जुलाई को श्रीनगर और 24 जुलाई को अजमेर ग्रामीण पंचायत समिति में आयोजित होंगे. सभी कैंप सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक चलेंगे. सुरक्षा जवान पद के लिए अभ्यर्थी का 10वीं पास, आयु 18 से 45 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम होना आवश्यक है. वहीं सुपरवाइजर पद के लिए स्नातक के साथ कंप्यूटर ज्ञान, आयु 22 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर और वजन 55 से 96 किलोग्राम निर्धारित किया गया है.

आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट आकार के फोटो और 250 रुपये पंजीकरण शुल्क के साथ भर्ती शिविर में उपस्थित होना होगा. अन्य जिलों के युवा भी इन शिविरों में आवेदन कर सकेंगे.

चयनित अभ्यर्थियों को एनआईएमटी कैंपस, परी चौक स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 15 दिन का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण के बाद उन्हें जयपुर एयरपोर्ट, अहमदाबाद एयरपोर्ट, बीकानेर सोलर प्लांट, निम्स हॉस्पिटल सहित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में नियुक्ति दी जाएगी. कर्मचारियों को वेतन के अलावा पीएफ, पेंशन, बीमा, मेडिकल सुविधा, ग्रेच्युटी, वार्षिक वेतन वृद्धि, प्रमोशन और रियायती दरों पर आवास एवं भोजन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी.

# आईआईटी बीएचयू में गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू), वाराणसी ने वर्ष 2026 के लिए गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है. इस भर्ती अभियान के तहत संस्थान में प्रशासनिक, तकनीकी, पुस्तकालय, सिस्टम विश्लेषक, महिला एवं बाल विकास , राजभाषा और खेल विभागों से जुड़े कुल 16 पदों को भरा जाएगा. इच्छुक उम्मीदवार 11 जुलाई 2026 से 10 अगस्त 2026 तक समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती में सहायक रजिस्ट्रार, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, तकनीकी अधिकारी, पुस्तकालय पद, सिस्टम विश्लेषक, कार्यकारी/सहायक कार्यकारी अभियंता, हिंदी अधिकारी और खेल अधिकारी जैसे पद शामिल हैं.




सहायक रजिस्ट्रार पद के लिए उम्मीदवार के पास 55 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर डिग्री और 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव होना चाहिए. वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी पद के लिए एमटेक या पीएचडी के साथ 5 से 8 वर्ष का अनुभव मांगा गया है. तकनीकी अधिकारी के लिए संबंधित विषय में डिग्री और 4 से 7 वर्ष का अनुभव जरूरी है. पुस्तकालय पदों के लिए लाइब्रेरी साइंस में स्नातकोत्तर डिग्री और अनुभव आवश्यक है, जबकि सहायक लाइब्रेरियन पद के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा

राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा योग्यता मांगी जा सकती है. सिस्टम विश्लेषक पद के लिए बीई, बीटेक, एमसीए या एमटेक डिग्री के साथ 4 से 10 वर्ष का अनुभव जरूरी है. हिंदी अधिकारी पद के लिए हिंदी या अंग्रेजी में परास्नातक डिग्री और अनुवाद कार्य का अनुभव आवश्यक है.इस भर्ती के लिए सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को 500 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा, जबकि एससी, एसटी, दिव्यांग और महिला उम्मीदवारों को शुल्क से पूरी तरह छूट दी गई है.

उम्मीदवारों का चयन पद के अनुसार स्क्रीनिंग टेस्ट, लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन, प्रेजेंटेशन और इंटरव्यू के आधार पर किया जा सकता है. आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा और आवेदन फॉर्म में व्यक्तिगत, शैक्षणिक व अनुभव संबंधी जानकारी भरकर जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे. भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार आईआईटी बीएचयू की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं.

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 58 पदों पर भर्ती

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर ने स्टाफ कार ड्राइवर, लिफ्टमैन और कंटीजेंसी फंड कर्मचारी के पदों पर भर्ती निकाली है. इस भर्ती अभियान के तहत कुल 58 पदों को भरा जाएगा. 8वीं, 10वीं और 12वीं पास उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइनहोगी और उम्मीदवारों को अपना आवेदन फॉर्म स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना होगा. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 10 अगस्त 2026 तय की गई है.इस भर्ती के तहत स्टाफ कार ड्राइवर के 17 पद, लिफ्टमैन के 7 पद औरकंटीजेंसी फंड कर्मचारी के 34 पद शामिल हैं. भर्ती में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार आरक्षण का लाभ दिया जाएगा.

स्टाफ कार ड्राइवर और लिफ्टमैन पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को लेवल-4 के तहत 19,500 रुपये से 62,000 रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा. वहीं कंटीजेंसी फंड कर्मचारी पद पर भुगतान बिलासपुर कलेक्टर द्वारा निर्धारित दैनिक मजदूरी के अनुसार किया जाएगा.

स्टाफ कार ड्राइवर पद के लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है. इसके साथ वैध ट्रांसपोर्ट या कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए. वाहन मैकेनिक का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी.

लिफ्टमैन पद के लिए उम्मीदवार का 12वीं पास होना आवश्यक है. साथ ही सरकारी मान्यता प्राप्त आईटीआई से वायरिंग या इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण होना चाहिए.

# आंगनवाड़ी में 552 पदों पर भर्ती

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी और देवरिया जिलों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका के 552 पदों पर भर्ती निकली है. इस भर्ती के लिए महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं. खास बात यह है कि चयन के लिए कोई लिखित परीक्षा या इंटरव्यू नहीं होगा, बल्कि उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया जाएगा.

मैनपुरी जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका के कुल 144 पद भरे जाएंगे. इनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 74 पद और सहायिका के 70 पद शामिल हैं. मैनपुरी में भर्ती बरनाहल, बेवर, जागीर, घिरोर, करहल, किशनी, कुरावली, मैनपुरी शहर, मैनपुरी ग्रामीण और सुल्तानगंज बाल विकास परियोजनाओं में होगी. मैनपुरी जिले के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 जुलाई 2026 रात 12 बजे तकहै.

वहीं, देवरिया जिले में कुल 408 पदों पर भर्ती होगी. इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 146 पद*और सहायिका के 262 पद शामिल हैं. देवरिया में भर्ती बैतालपुर, बनकटा, बरहज, भागलपुर, भलुअनी, भटनी, भाटपार रानी, देवरिया शहर, देसही देवरिया, गौरी बाजार, लार, पथरदेवा, रामपुर कारखाना, रुद्रपुर, देवरिया सदर, सलेमपुर और तरकुलवा परियोजनाओं में की जाएगी. देवरिया के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2026 रात 12 बजे तक निर्धारित है.




इस भर्ती के लिए केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं. उम्मीदवार का उसी ग्राम सभा या शहरी क्षेत्र के उसी वार्ड का स्थायी निवासी होना जरूरी है, जहां पद खाली है. शैक्षणिक योग्यता के तौर पर उम्मीदवार का 12वीं पास या समकक्षहोना अनिवार्य है. आवेदन करने वाली महिलाओं की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए. आयु की गणना के आधार पर की जाएगी.

बीपीएल श्रेणी में चयन के दौरान प्राथमिकता विधवा महिलाओं, तलाकशुदा या परित्यक्ता महिलाओं और अन्य बीपीएल उम्मीदवारों को दी जाएगी. यदि बीपीएल श्रेणी में योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं तो यही प्राथमिकता क्रम एपीएल श्रेणी में भी लागू किया जाएगा.

आवेदन के लिए उम्मीदवारों को आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, 12वीं से लेकर उच्च शिक्षा तक की अंकतालिकाएं और अन्य जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे. विधवा उम्मीदवारों को पति का मृत्यु प्रमाणपत्र और परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति देनी होगी, जबकि तलाकशुदा या परित्यक्ता महिलाओं को सक्षम न्यायालय का आदेश प्रस्तुत करना होगा.